### सीएम के निर्देशों पर एमडीडीए की गति बढ़ी, तीन मेगा परियोजना का आवास सचिव ने किया निरीक्षण

# दून की तीन मेगा परियोजनाओं पर सरकार की निगरानी

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** देहरादून के शहरी ढांचे को नई पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार त्वरित गति में काम कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शहर को सुनियोजित, सुरक्षित व आधुनिक स्वरूप देने वाली परियोजनाओं को मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) युद्धस्तर पर आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में आवास सचिव डा. आर. राजेश कुमार ने एमडीडीए की तीन अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाओं इंदिरा मार्केट पुनर्विकास, आढ़त बाजार विकास तथा तहसील परिसर मल्टी लेवल कार पार्किंग का शनिवार को संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता, सुरक्षा व समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ये तीनों परियोजनाएं शहर की यातायात व्यवस्था, व्यापारिक ढांचे और आमजन की सुविधा में ऐतिहासिक सुधार लाएंगी। निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए कि काम समय पर और गुणवत्ता के साथ किए जाएं। संयुक्त निरीक्षण में आवास सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दून में शहरी विकास की नई दिशा तय हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परियोजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करें व तकनीकी और प्रशासनिक बाधाएं तुरंत दूर की जाएं। उनके साथ एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया सहित अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, अपर अभियंता नवीन चंद्र जुनेजा, नज़ीर अहमद, वास्तुविद प्रशांत नौटियाल एवं परियोजना निदेशक निर्माण इकाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



एमडीडीए के अधीन चल रही विकास परियोजनाओं की निर्माण प्रगति का निरीक्षण करते सचिव आवास डा. आर राजेश कुमार • सूवि

**24** मीटर चौड़ी व्यवस्थित सड़क के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित तहसील चौक से सहारनपुर चौक के मध्य स्थित सड़क को

**16** से 18 मीटर वर्तमान में सड़क की चौड़ाई होने के कारण इस क्षेत्र में आए दिन शहर के लोगों को यातायात जाम की समस्या से जूझना पड़ता है

## इसलिए महत्वपूर्ण हैं तीनों परियोजनाएं

इंदिरा मार्केट पुनर्विकास परियोजना को दिसंबर तक पूर्ण करने का रखा गया है, ताकि प्रभावित दुकानदारों को शीघ्र दुकानों का आवंटन किया जा सके। इससे शहर के बीचोंबीच स्थित संकरे बाजार को नया स्वरूप मिलेगा। आढ़त बाजार परियोजना में शहर के केंद्र में तहसील चौक से सहारनपुर चौक के मध्य स्थित सड़क को 24 मीटर चौड़ी व्यवस्थित सड़क के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई 16 से 18 मीटर होने के कारण यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। वहीं, पलटन बाजार एवं तहसील चौक क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के दृष्टिगत नये तहसील कार्यालय के साथ मल्टी लेवल कार पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है।

### इंदिरा मार्केट पुनर्विकास : आधुनिक व्यावसायिक केंद्र

- इंदिरा मार्केट को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में निर्माण तेजी पर है।
- सी व डी ब्लाक में दो तल का बेसमेंट तैयार, ऊपरी तल का निर्माण प्रगति पर।
- तीन तल के विशाल बेसमेंट सहित 1050 कार पार्किंग की होगी तैयारी।
- बेसमेंट के बाद दुकानों का निर्माण शुरू होगा, ताकि प्रभावित व्यापारियों को स्थानांतरित किया जा सके।
- सचिव ने साइट पर निर्माण की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### तहसील मल्टी लेवल कार पार्किंग : शहर को मिलेगा बड़ा राहत केंद्र

- पलटन बाजार से तहसील चौक क्षेत्र तक जाम के स्थायी समस्या को इस परियोजना को महत्वपूर्ण माना है।
- आधुनिक तहसील भवन के साथ लगभग 1000 वाहनों की क्षमता वाली मल्टी लेवल कार पार्किंग।
- इसके लिए दरबार साहिब से भूमि/समन्वय संबंधी बातचीत जारी है।
- सचिव ने अधिकारियों को परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।

### आढ़त बाजार परियोजना : नया संगठित मार्केट

- शहर के मध्य स्थित आढ़त बाजार की अव्यवस्था को खत्म करने के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।
- नया आढ़त बाजार हरिद्वार बाईपास, कारगी पर 7.7 हेक्टेयर भूमि पर विकसित हो रहा है।
- विभिन्न श्रेणी की मंडियों के लिए सुव्यवस्थित लेआउट तैयार, निर्माण कार्य प्रगति पर।
- 650 वाहनों की क्षमता वाली मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण जारी।
- परियोजना में वेयरहाउस, कार्यालय, पार्क, एसटीपी, ओवरहेड टैंक, बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था शामिल।

# आवास सचिव एमडीडीए ने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**इंदिरा मार्केट, आढ़त बाजार और मल्टी लेवल कार पार्किंग से यातायात व व्यापार व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती: डॉ. आर. राजेश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में देहरादून शहर को सुनियोजित, आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शहरी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जाए तथा यातायात, पार्किंग और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार लगातार विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं तथा समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा की निगरानी कर रहे हैं। शनिवार को आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार द्वारा मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की तीन अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, अपर अभियंता नवीन चंद्र जुनेजा, नजीर अहमद, वास्तुविद प्रशांत नौटियाल एवं परियोजना निदेशक निर्माण इकाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों को परियोजनाओं में गति लाने तथा मानकों के अनुरूप समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**इंदिरा मार्केट पुर्नविकास परियोजना**

इंदिरा मार्केट एवं टैक्सी स्टैंड क्षेत्र के प्रभावित दुकानदारों को एक सुव्यवस्थित और आधुनिक मार्केट में स्थानांतरित किए जाने के लिए यह परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना के प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में सी एवं डी ब्लॉक में दो तल का बेसमेंट निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा शीर्ष तल का निर्माण कार्य गतिमान है।

परियोजना के अंतर्गत तीन तल के बेसमेंट का प्रावधान करते हुए कुल 1050 कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बेसमेंट निर्माण पूर्ण होने के उपरांत दुकानों का निर्माण कार्य किया जाएगा।

# यातायात व व्यापार व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती: डॉ. आर राजेश कुमार

- **आवास सचिव ने किया एमडीडीए की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण**

भास्कर समाचार सेवा


अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी लेते आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार।

**देहरादून।** आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार लगातार विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं तथा समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा की निगरानी कर रहे हैं। आज आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार द्वारा एमडीडीए की तीन अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इंदिरा मार्केट एवं टैक्सी स्टैंड क्षेत्र के प्रभावित दुकानदारों को एक सुव्यवस्थित और आधुनिक मार्केट में स्थानांतरित किए जाने हेतु यह परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना के प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में सी एवं डी ब्लॉक में दो तल का बेसमेंट निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा शीर्ष तल का निर्माण कार्य गतिमान है। परियोजना के अंतर्गत तीन तल के बेसमेंट का प्रावधान करते हुए कुल 1050 कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के संबंध में विशेष निर्देश दिए गए। देहरादून शहर के केंद्र में तहसील चौक से सहसपुर चौक के मध्य स्थित सड़क को 24 मीटर चौड़ी व्यवस्थित सड़क के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई 16 से 18 मीटर होने के कारण यातायात जाम की समस्या बनी रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए हरिद्वार बाइपास पर लगभग 7.7 हेक्टेयर भूमि पर नवीन आढ़त बाजार विकसित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों की मंडियों हेतु सुव्यवस्थित लेआउट तैयार कर निर्माण कार्य प्रगति पर है। सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने निर्देश दिए कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। पलटन बाजार एवं तहसील चौक क्षेत्र में पार्किंग की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए नवीन तहसील कार्यालय के साथ मल्टी लेवल कार पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है। इस संबंध में दरबार साहिब से वार्ता की प्रक्रिया प्रचलित है। उक्त स्थल पर आधुनिक तहसील कार्यालय के साथ लगभग 1000 वाहनों की पार्किंग सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव है। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव मोहन सिंह बर्निया, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, अपर अभियंता नवीन चंद्र जुनेजा, नजीर अहमद, वास्तुविद प्रशांत नौटियाल एवं परियोजना निदेशक निर्माण इकाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को परियोजनाओं में गति लाने तथा मानकों के अनुरूप समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करें।

# आवास सचिव ने किया एमडीडीए की परियोजनाओं का इंस्पेक्शन

**इंदिरा मार्केट, आढ़त बाजार का लिया जायजा**

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (21 Feb):** दून को आधुनिक स्वरूप देने के लिए एमडीडीए संचालित प्रमुख परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है. शहर में यातायात, पार्किंग से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान किए जाने को लेकर आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की.

## 1050 कार पार्किंग की व्यवस्था

निरीक्षण के दौरान सचिव आवास ने बताया कि इंदिरा मार्केट व टैक्सी स्टैंड क्षेत्र के प्रभावित दुकानदारों को आधुनिक मार्केट में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है. सी व डी ब्लॉक में दो तल का बेसमेंट निर्माण पूरा हो चुका है, शीर्ष तल का निर्माण जारी है. परियोजना के अंतर्गत यहां कुल 1050 कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है. पलटन बाजार और तहसील चौक क्षेत्र में नवीन तहसील के साथ मल्टी लेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा. इस संबंध में दरबार साहिब से वार्ता कर स्थल पर आधुनिक तहसील कार्यालय के साथ लगभग 1000 वाहनों की पार्किंग सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव दिया. सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि ईसी रोड मार्केट, आढ़त बाजार व मल्टी लेवल कार पार्किंग जैसी परियोजनाएं शहर की यातायात व्यवस्था व आमजन की सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगी.



रि डेवलपमेंट परियोजना का निरीक्षण करते सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार।

# आवास सचिव ने एमडीडीए की परियोजनाओं का किया निरीक्षण

देहरादून। सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार ने शनिवार को मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण की तीन प्रमुख परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इंदिरा मार्केट पुनर्विकास परियोजना के प्रथम चरण में दो तल के बेसमेंट का काम पूरा हो चुका है। यहां 1050 वाहनों की पार्किंग और दुकानदारों के लिए आधुनिक मार्केट तैयार किया जा रहा है, जिसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, नवीन आढ़त बाजार के तौर पर हरिद्वार बाईपास पर 7.7 हेक्टेयर में नया बाजार विकसित हो रहा है। यहां 650 वाहनों की पार्किंग, वेयरहाउस और पार्क जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इसी प्रकार, तहसील परिसर में पार्किंग बनेगी, जिसमें 1000 वाहनों की क्षमता होगी। सचिव आवास ने तीनों परियोजनाओं का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माण में पारदर्शिता और तकनीकी मानकों से कोई समझौता न किया जाए।

निरीक्षण के दौरान एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया सहित अन्य विभागीय इंजीनियर उपस्थित रहे। ब्यूरो